केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

सीबीएसई/ समन्वय/डीजी-लॉक/2022/ दिनांक: 01.09.2022

सेवा में,
सीबीएसई संबद्ध
स्कूलों के प्रमुख
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: डीजीलॉकर में अंकतालिका सह उत्तीर्णता प्रमाण पत्र और प्रवास प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता

महोदया/महोदय,

सीबीएसई ने 22.07.2022 को कक्षा XII का परिणाम घोषित किया है। परिणाम के तुरंत बाद, छात्रों के अंक तालिका सह उत्तीर्णता प्रमाण पत्र और प्रवास पत्र को उनके डीजीलॉकर में उपलब्ध कराया गया है। डीजीलॉकर में उपलब्ध दोनों दस्तावेज़ परीक्षा नियंत्रक द्वारा डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित किए जाते हैं।

यह ध्यान में आया है कि कुछ विश्वविद्यालय छात्रों से प्रवास प्रमाण पत्र की पेपर मुद्रित प्रतिलिपि प्रस्तुत करने के लिए कह रहे हैं। यद्यपि सीबीएसई जल्द ही छात्रों को पेपर मुद्रित प्रतिलिपि की आपूर्ति कर रहा है, तथापि यह सूचित किया जाता है कि दस्तावेज़ अर्थात डीजीलॉकर में डिजिटल हस्ताक्षर के साथ उपलब्ध अंकतालिका सह उत्तीर्णता प्रमाण पत्र और प्रवास प्रमाण पत्र कानूनी तौर पर विधिमान्य भी हैं और सभी उच्चतर शैक्षिक संस्थाओं द्वारा स्वीकार किए जाने चाहिएं।

भवदीय,

हस्ता/-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति:

1. **प्रो. रजनीश जैन, सचिव, यूजीसी से इस अनुरोध के साथ कि सभी उच्चतर संस्थाओं को सीबीएसई द्वारा छात्रों के डीजीलॉकर में उपलब्ध कराई गई डिजिटल हस्ताक्षर और क्यूआर कोड सहित डिजिटल प्रति को स्वीकार करने का निदेश दिया जाए।**

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in